**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, यातायात लखनऊ**

पत्रांकः एसटी/एसपीटी–एनओसी–24/2016 दिनांकः ~~जनवरी~~ 10-02- ,2017

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल**
**लखनऊ विकास प्राधिकरण,**
**विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

कृपया अपने पत्र संख्याः एनआर–184/एए मा.सेल दिनांकित 04.07.2016 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्याः टी.सी.जी./1–ए–वी–746 विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पर प्रस्तावित व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग स्वीकृति हेतु प्रपत्र जरिये विशेष वाहक प्रेषित करते हुए यातायात पुलिस विभाग से आपत्ति/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के संबन्ध में अवगत कराना है कि आपके उक्त पत्र के माध्यम से प्राप्त मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्याः टी.सी.जी./1–ए–वी–746 विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पर प्रस्तावित व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग स्वीकृति हेतु यातायात पुलिस विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के क्रम में प्रस्तावित स्थान पर दो/चार पहिया वाहन पार्किंग के संबन्ध में आपके माध्यम से प्राप्त नक्शा **(जिस पर इस कार्यालय द्वारा प्रदर्श 'क' डाला गया है तथा निरीक्षक यातायात, लखनऊ के हस्ताक्षर दिनांकित 31.01.2017 अंकित है)** पर भौतिक निरीक्षण कराकर आख्या प्राप्त की गयी। प्रकरण में निरीक्षक यातायात द्वारा प्रेषित आख्या दिनांकित 31.01.2017 में शर्तो एवं बचनबद्धताओं के अधीन संस्तुति सहित प्राप्त हुई है। अतः निरीक्षक यातायात, लखनऊ द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर वाहन पार्किंग (कुल 628 वाहन) के परिप्रेक्ष्य में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना समीचीन प्रतीत होता है, जो मूलरूप में संलग्न कर प्रेषित है। **यदि उक्त नक्शा एल.डी.ए. द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप है तो तदनुसार अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।**

संलग्नकः यथोपरि।

10/2/17

(हबीबुल हसन)
पुलिस अधीक्षक, यातायात,
लखनऊ

पुलिस अधीक्षक यातायात
जनपद लखनऊ।

द्वारा–उचित माध्यम

महोदय,

कृपया आप अपने पत्रांकः एसटी/एसपीटी–एनओसी–24/2016 दिनांकः सितम्बर 23, 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें अधिशासी अभियन्ता–मानचित्र सेल, लखनऊ विकास प्राधिकरण विपिन खण्ड गोमतीनगर लखनऊ के पत्र संख्याःएनआर–184/एए मा.सेल दिनांकः04.07.2016 जिसमें मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्याः टी0सी0जी0/1–ए–वी–7&6 विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ पर प्रस्तावित व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग निर्माण स्वीकृत हेतु निर्माण एवं वाहन पार्किंग के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षणोंपरान्त आख्या/ आपत्ति/ अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

उपरोक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि उक्त स्थल का मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि उक्त स्थान भूखण्ड सख्याः टी,सी,जी, /1–ए–वी–7&6 विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ पर स्थित है जिसमें मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड टी,सी,जी, /1–ए–वी–7&6 विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ पर प्रस्तावित व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग निर्माण का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके पूरब दिशा मे विजयपुर गॉव, पश्चिम दिशा में इन्दिरागॉधी प्रतिष्ठान, उत्तर दिशा मे न्यू हाईकोर्ट, तथा दक्षिण दिशा मे 30 मीटर रोड है। प्रस्तावित समूह आवासीय निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्तुत मानचित्र में निम्न तथ्य समाहित है।

**AREA STATEMENT:**

| | | |
|---|---|---|
| 1-PLOT AREA(9409.95M2 +18164.00M2) | | =275736.95 SQM. |
| 2-PERMISSIBLE GROUND COVERAGE 30% | | =8272.185 SQM. |
| 3-ACHIEVED GROUND COVERAGE 22.10% | | =6094.67 SQM. |
| 4-PERMISSIBLE F.A.R. 2.0 | | =55147.95 SQM |
| 5-ACHIEVED F.A.R. 1.99 | | =54845.24 SQM |
| 6-PROPOSED COVERAGEAREA | | =857.06 SQM.. |
| GROUND FLOOR | =6094.67 SQM | |
| 1ST FLOOR | =4837.37 SQM | |
| 2ND FLOOR | =4911.12 SQM | |
| 3RD FLOOR | =4910.48 SQM | |
| 4TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 5TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 6TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 7TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 8TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 9TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 10TH FLOOR | =2962.51SQM | |
| 11TH FLOOR | =2962.51 SQM | |
| 12TH FLOOR | =2115.32 SQM | |
| 13TH FLOOR | =2115.32 SQM | |
| 14TH FLOOR | =2115.32 SQM | |
| 15TH FLOOR | =1509.22 SQM | |
| 16TH FLOOR | =1509.22 SQM | |
| 17TH FLOOR | =513.56 SQM | |
| 18TH FLOOR | =513.56 SQM | |
| **TOTAL AREA** | **=54845.24 SQM** | |
| **BASEMENT** | **=20285.72 SQM** | |
| **TOTAL COVD. ARAE** | **=77357.58 SQM** | |

**REQUIRED PARKING CALCULATION**

FOR GROUP HOUSING =448.75
10%EXTRA FOR VISITORS =44.87 =493.62 ECS
FOR CLUB(1508.59/100X1.5) =22.63 ECS
FOR COMMERCIAL(7324.63/100X1.5) =109.87 ECS
**TOTAL PARKING REQUIRED(A+B+C) =626.12 ECS**

**PARKING PROVIDED**

A-BASEMENT(ZONE-1) =422.00 ECS
TWO WHEELER AREA(1658.21M2/32.0M2)=5182 ECS =473.82 ECS
B-BASEMENT(ZONE-2) =76.00 ECS
TWO WHEELER AREA(1658.21M2/32.0M2)=3.93 ECS =79.93 ECS
C-OPEN SURFACE RESIDENTAIL BLOCK =48.00 ECS
OPEN SURFACE COMMERCIAL BLOCK =27.00 ECS
**D-TOTAL PARKING PROVIDED(A+B+C) =628.75 ECS**

उपरोक्त भूखण्ड/खसरा पर व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग का निर्माण होना प्रस्तावित है। उपरोक्त व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग में आने वाले वाहनों को पार्किंग हेतु बेसमेन्ट एरिया (जोन1+जोन2) में 553 वाहनों व ओपेन सरफेस एरिया में 75 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था मानचित्र में दर्शायी गयी है, इस प्रकार कुल 628 वाहनों की पार्किंग लखनऊ विकास प्राधिकरण योजना के मुताबिक दी गयी है। इस प्रकार उक्त स्थल पर आने वाले वाहनों से यातायात सम्बन्धी अवरोध उत्पन्न होना प्रतीत नहीं हो रहा है। उक्त स्थल पर आने वाले समस्त दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों की सम्पूर्ण पार्किंग बने पार्किंग स्थल के प्रांगण में ही होगी किसी भी कारण या परिस्थिति में वाहनों की संख्या में वृद्धि होने पर प्रत्येक दशा में बढ़े वाहनों को बने पार्किंग स्थल के प्रांगण में पार्क कराया जायेगा। इसके अलावा मेसर्स द्वारा यह भी वचनवद्धता की जाये कि इन एवं आउट गेट पर दो–दो सुरक्षा गार्ड लगाये जाये तथा भवन के प्रत्येक तल पर पी0ए0 सिस्टम लगाये जाये ताकि किसी भी वाहन के गलत पार्क होने पर सुरक्षा गार्ड द्वारा उद्घोषणा करके हटवाया जा सके। उपरोक्त के अलावा मेसर्स द्वारा यह भी वचनबद्धता की जाये की परिसर के वाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण जैसे, वाहन स्टैण्ड, ढेला, खोपचा, चाय–पान की दुकानें आदि नही लगने दिया जाये उपरोक्त वर्णित वचनबद्धताओं के अनुपालन में मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा शपथ पत्र दिया गया है जो कि मूलरूप में संलग्न है।

अतः मेसर्स एक्सपेरियन हास्पिटेलिटी प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्याः टी0सी0जी0 /1–ए–वी–7&6 विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ पर प्रस्तावित व्यवसायिक/ग्रुप हाउसिंग निर्माण स्वीकृत हेतु निर्माण पर उपरोक्त संलग्न वचनबद्धताओं के अधीन प्रस्तावित निर्माण में **वाहन पार्किंग** के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने की संस्तुति की जाती है।

3/1/17

**(शीतला प्रसाद पाण्डेय)**
यातायात निरीक्षक
लखनऊ

**संलग्नकः** यथोपरि से संदर्भित मानचित्र मूल रूप में वापस।

**नोटः** उपरोक्त शर्तों का अनुपालन न किये जाने एवं यातायात वाधित होने पर N.O.C निरस्त समझी जायेगी।